हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, गुरुवार 11 जून 2026

तापमान
अधिकतम 44.5 °C
न्यूनतम 25.6 °C



अमन

कपिल

सौरभ

डी पार्क अग्निकांड



## दर्दनाक हादसे में तीन लोग जिंदा जलने के बाद प्रशासन अलर्ट

**घटना की न्यायिक जांच के आदेश**

**दो कमेटियां गठित**
① पहली जांच-पड़ताल करेगी
② दूसरी नुकसान का आकलन

# अब पूरे शहर का होगा फायर सेफ्टी ऑडिट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

डी पार्क स्थित जूतों की दुकानों में मंगलवार को लगी भीषण आग ने पूरे शहर को झकझोर कर रख दिया है। इस दर्दनाक हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई, जबकि करीब दस दुकानें आग की चपेट में आ गईं। आग पर काबू पाने के लिए रोहतक समेत सात जिलों से दमकल की गाड़ियां बुलानी पड़ीं। बुधवार को दिनभर फायर ब्रिगेड कर्मचारी आग पर काबू पाते रहे। देर रात के बाद स्थिति नियंत्रण में है। इस हादसे के बाद हर कोई डरा हुआ है। रोहतक प्रशासन भी शहर में फायर सेफ्टी ऑडिट करवाने की प्लानिंग कर रहा है। इसके साथ ही जिला उपायुक्त सचिन गुप्ता ने मामले की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए हैं। इसके लिए दो कमेटियां गठित की गई हैं। एक कमेटी मामले की न्यायिक जांच करेगी, जबकि दूसरी कमेटी दुकानों के नुकसान का आकलन करेगी। रिपोर्ट जिला उपायुक्त और सरकार को भेजी जाएगी।


कभी डी पार्क की इन दुकानों में खूब चहल पहल रहती थी। आज केवल तबाही के निशान और सन्नाटा ही नजर आ रहा है। **आग ने सबकुछ जलाकर राख कर दिया।**

### जानिए...क्या होता है फायर सेफ्टी ऑडिट

▶▶ यह किसी इमारत या कार्यस्थल का एक व्यवस्थित और व्यापक निरीक्षण है, जिसका उद्देश्य यह जांचना होता है कि वहां आग से बचाव के लिए कौन-से इंतजाम किए गए हैं और वे कितने कारगर हैं।

▶▶ इसे एक तरह से इमारत के सुरक्षा तंत्र का 'हेल्थ चेक-अप' माना जा सकता है। फायर ऑडिट में कई मुख्य बातों की जांच की जाती है।

### कमेटी में ये अधिकारी रहेंगे शामिल

उपायुक्त सचिन गुप्ता द्वारा नुकसान के आकलन के लिए बनाई गई कमेटी में संयुक्त आयुक्त निगम, डीएमसी निगम, फायर ऑफिसर, तहसीलदार रोहतक शामिल हैं। इसके अलावा न्यायिक जांच के लिए बनाई कमेटी में एडीसी, एसडीएम, संयुक्त आयुक्त निगम और डीएसपी शामिल हैं। कमेटी जांच कर उपायुक्त को रिपोर्ट सौंपेगी।

## ▶▶ उपायुक्त सचिन गुप्ता ने मामले की मजिस्ट्रेट जांच के दिए आदेश

### उपकरणों की जांच

- फायर अलार्म, स्मोक डिटेक्टर, आग बुझाने वाले यंत्र और पानी के हाइड्रेंट सही स्थिति में हैं या नहीं और कहीं उनकी एक्सपायरी डेट तो नहीं निकल गई।
- **आपातकालीन निकास** : आग लगने की स्थिति में बाहर निकलने के लिए सुरक्षित रास्ते उपलब्ध हैं या नहीं और उन पर कोई सामान तो नहीं रखा है।
- **बिजली की वायरिंग**: शॉर्ट सर्किट की संभावना को कम करने के लिए बिजली के तारों और लोड की जांच करना।
- **कर्मचारियों/निवासियों की तैयारी**: लोगों को यह पता है या नहीं कि आग लगने पर उन्हें इमारत खाली कैसे करनी है और अलार्म बजने पर क्या प्रतिक्रिया देनी है।
- **दस्तावेज और मॉक ड्रिल**: इमारत में नियमित रूप से फायर सेफ्टी ड्रिल (मॉक ड्रिल) हो रही है या नहीं और अग्नि सुरक्षा से जुड़े नियम (जैसे राष्ट्रीय भवन संहिता) माने जा रहे हैं या नहीं।

### आखिर कौन है अग्निकांड का जिम्मेदार?

सबसे बड़ा सवाल जवाबदेही का है। क्या सिर्फ दुकान मालिक जिम्मेदार हैं, क्या फायर विभाग की नियमित निगरानी पर्याप्त थी, क्या नगर निगम और अन्य एजेंसियां सुरक्षा मानकों की जांच कर रही थीं, या फिर वर्षों से चल रही लापरवाही ने इस हादसे का रास्ता तैयार किया। विशेषज्ञों का मानना है कि जिम्मेदारी सिर्फ एक पक्ष की नहीं हो सकती। भवन मालिक, दुकानदार, फायर विभाग, नगर निगम और संबंधित प्रशासनिक एजेंसियों को अपनी-अपनी भूमिका निभानी होगी।

### शहर के प्रमुख बाजारों पर उठे सवाल

रोहतक की डी-पार्क, दिल्ली रोड, गोहाना अड्डा, रेलवे रोड, किला रोड, शौरी मॉर्केट, झज्जर रोड, शीला बाइपास, मॉडल टाउन और पुरानी सब्जी मंडी क्षेत्र की मार्केटों में प्रतिदिन हजारों लोग खरीदारी करने पहुंचते हैं। इनमें से कई बाजार वर्षों पुराने हैं। अधिकांश जगहों पर दुकानों के बाहर सामान रखा जाता है, गलियां संकरी हैं और पार्किंग का दबाव रहता है। ऐसे में आग लगने की स्थिति में दमकल वाहनों की पहुंच भी प्रभावित हो सकती है। विशेषज्ञों का मानना है कि भीड़भाड़ वाले बाजारों में सुरक्षा मानकों की अनदेखी किसी बड़े हादसे को न्योता दे सकती है।

### बाजार कितने सुरक्षित?

रोहतक के अन्य बाजार कितनी सुरक्षित हैं, क्या शहर के सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और बाजारों के पास फायर एनओसी है, क्या सुरक्षा मानकों का पालन किया जा रहा है, और यदि नहीं, तो इसकी जिम्मेदारी किसकी है। डी-पार्क हादसे ने प्रशासन, फायर विभाग, नगर निगम और व्यापारिक संगठनों की कार्यप्रणाली को भी कठघरे में खड़ा कर दिया है।

### ये हैं नियम

फायर सेफ्टी नियमों के अनुसार बहुमंजिला इमारतों, बड़े शोरूम, मॉल, कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स और भीड़भाड़ वाले व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए अग्निशमन विभाग की एनओसी आवश्यक होती है। इसके लिए भवन में फायर फाइटिंग सिस्टम, अग्निशमन यंत्र, पानी की पर्याप्त व्यवस्था, आपातकालीन निकास द्वार और अन्य सुरक्षा उपाय होना जरूरी है।

### सुरक्षा उपकरण हैं, पर कितने कारगर

दुकानदारों ने दावा किया कि उनकी दुकानों में अग्निशमन यंत्र लगे हुए थे। लेकिन सवाल यह है कि क्या वे समय पर काम कर सके, क्या कर्मचारियों को उनका उपयोग करना आता था, क्या उनकी समय-समय पर सर्विसिंग और रिफिलिंग कराई जाती थी। फायर सेफ्टी विशेषज्ञों का कहना है कि सिर्फ उपकरण लगा देना पर्याप्त नहीं होता। कर्मचारियों को प्रशिक्षण देना भी जरूरी है।

## आग में सिर्फ 3 जिंदगियां नहीं सपने भी हो गए राख

**तीन परिवार, एक दर्द :** अमन, कपिल और सौरभ की कहानियां अलग-अलग थीं, लेकिन मंगलवार की डी पार्क पर हुए अग्निकांड ने तीनों को एक ही दर्द में जोड़ दिया। इन तीनों के साथ उनके परिवारों के सपने, उम्मीदें और भविष्य की योजनाएं भी राख हो गईं। डी-पार्क अग्निकांड अब सिर्फ एक हादसा नहीं, बल्कि उन अधूरे सपनों की कहानी बन गया है, जिन्हें समय ने पूरा होने का मौका ही नहीं दिया।

### बेटी की मुस्कान से चिता तक का सफर

**बाबरा मोहल्ला निवासी अमन यादव** के घर तीन दिन पहले तक खुशियों का माहौल था। छह जून को उनकी तीन साल की बेटी का जन्मदिन मनाया गया था। लेकिन मंगलवार को लगी आग ने बच्चों के सिर से पिता का साया छीन लिया।

### 20 साल की मेहनत एक पल में खत्म

**नेहरू कॉलोनी निवासी कपिल** ने अपनी जिंदगी का बड़ा हिस्सा रोहतक शूज शोरूम को दिया था। करीब 20 वर्षों तक उन्होंने उसी दुकान में काम किया। आग ने उनकी जिंदगी की कहानी को अचानक समाप्त कर दिया।

**फैक्ट्री का सपना अधूरा रह गया :** महज 19 वर्षीय सौरभ उर्फ रोहित की आंखों में बड़े सपने थे। वह अपने बड़े भाई चेतन के साथ होम टाउन शूज शोरूम संभालता था। परिवार का लक्ष्य था कि दीपावली से पहले अपनी शू मैन्युफैक्चरिंग यूनिट शुरू की जाए। इसके लिए तैयारियां भी चल रही थीं। चेतन ने कारोबार से जुड़ा विशेष कोर्स किया था और दोनों भाई मिलकर भविष्य की योजनाएं बना रहे थे। लेकिन आग ने उन सपनों को शुरू होने से पहले ही खत्म कर दिया।

### मुख्यमंत्री ने की मृतकों के परिजनों को 10 लाख व घायलों को 2 लाख की वित्तीय सहायता की घोषणा



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने डीपार्क हादसे में मृतकों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने कहा कि मृतकों के परिवारों को 10 लाख की अनुग्रह राशि और हादसे में घायल परिवारों को 2 लाख रुपये की वित्तीय सहायता की जाएगी। साथ ही सभी घायलों को सरकारी अस्पताल में मुफ्त इलाज भी मुहैया कराया जाएगा। उन्होंने उपायुक्त रोहतक को हादसे में हुए नुकसान का आकलन कर विस्तृत रिपोर्ट बनाने के लिए भी निर्देश दिए।

### यह घटना अत्यंत पीड़ादायक और मन को झकझोर देने वाली, मेरी गहरी संवेदनाएं : कैप्टन अभिमन्यु



रोहतक में हुई दर्दनाक घटना अत्यंत पीड़ादायक और मन को झकझोर देने वाली है। इस दुःखद हादसे में जान गंवाने वाले सभी लोगों को मैं विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। शोक-संतप्त परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा परिजनों को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।
**-कैप्टन अभिमन्यु**, वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व वित्त मंत्री

एक साथ जलीं तीन चिताएं चित्कार उठा पूरा शहर ▶ पेज-14 पर

With a legacy of excellence
HINDU EDUCATION SOCIETY (REGD.), ROHTAK
Continues to provide quality education through its esteemed institutions :

SH. L.N. HINDU COLLEGE ROHTAK
A GOVT. AIDED POST GRADUATE CO-EDUCATIONAL COLLEGE
Affiliated to Maharshi Dayanand University, Rohtak
Approved by AICTE
NAAC Accredited | ISO 9001:2015 Certified
ADMISSIONS OPEN 2026-27
APPLY THROUGH DGHE ONLINE ADMISSION PORTAL
https://admissions.higheredulhry.ac.in
UG & PG Programs
BA | B.Com | BBA | BCA
B.Sc. (Life Science) | B.Sc. (Physical Science)
BAJMC (Journalism & Mass Communication)
MA (Hindi) | M.Com | M.Sc. (Mathematics)
No College Fee for students obtained 90% & above marks or having International Position in Sports
ADMISSION HELPLINE
01262-265345
9992614213
Bhiwani Road, Rohtak
Dr. Anil Kumar Taneja
Principal
lnhinducollege.edu.in
hindu_bca@yahoo.com

HIMT, ROHTAK
Hindu Institute of Management & Technology
(Approved by AICTE, New Delhi & Affiliated to M.D.University, Rohtak)
ADMISSION OPEN (2026-27)
Scholarship for Meritorious Students
PROGRAMS OFFERED
BCA 60 seats | MCA 60 seats | MBA 60 seats
Salient Features
Experienced Faculty | Personal Attention | Career Guidance & Counselling
Placement Assistance | Practical Learning | University Merit Positions
ENROLL NOW!
Contact:
9812797994, 9896759248
9996632044, 8930902853
Bhiwani Road, Rohtak-124001

Limited Seats Available!
Dr. Hitesh Dhall
Director

HINDU PUBLIC SCHOOL
Mal Godam Road, Near Durga Bhawan Mandir, Rohtak - 124001 (Haryana)
SCHOOL FACILITIES
- Fully AC Classrooms
- CCTV Surveillance
- Smart Audio Video Classes
- Indoor Games
- Break and Make
- Composite Lab
- IT Lab
- Kids Amusement Area
- Creating Education Plan
PRE NURSERY TO GRADE VIII
ABOUT SCHOOL
✓ Yoga Lessons
✓ Recitation Classes
✓ Learning by Doing
✓ Exhilarating Activity
✓ Communication Skill Classes
✓ Drawing & Colouring
LIBRARY
9817440348
hpsrohtak@gmail.com
Dr. Meenu Kumar
Principal

Shyam Kapoor – President (HES)
Ajay Nijhawan – Vice-President (HES)
Sanjay Ahuja – General Secretary (HES)
Jatin Luthra – Treasurer (HES)
Bharat Bhushan Bathla – Manager (HCR)
Rajesh Makkar – Manager (SFS, HCR)
Jitender Mehta – Manager (HIMT)
Gulshan Rai Dhall – Manager (HPS)

# बच्चों को वैदिक संस्कृति और संस्कारों से जोड़ने का आह्वान

■ महिला विवि की कुलपति डॉ. सुदेश छिक्कारा, पूर्व सूचना आयुक्त डॉ. कुलबीर सिंह छिक्कारा ने परिवार सहित हवन में डाली आहुति



सोनीपत। गांव जुआं स्थित वैदिक ज्ञान योग महाविद्यालय गुरुकुल में महाशय खजान सिंह आर्य की पुण्य स्मृति पर आयोजित कार्यक्रम में अपने विचार रखते अतिथि डॉ. सुरेंद्र कुमार।



सोनीपत। गांव जुआं में महाशय खजान सिंह आर्य की पुण्य स्मृति पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

वैदिक विचारों के प्रखर प्रचारक एवं सुविख्यात सामाजिक कार्यकर्ता महाशय खजान सिंह आर्य की पुण्य स्मृति में बुधवार को वैदिक ज्ञान योग महाविद्यालय गुरुकुल, जुआं, सोनीपत में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के साथ गुरुकुल में चल रहे राष्ट्रीय युवा चरित्र निर्माण एवं व्यायाम प्रशिक्षण शिविर का भी समापन किया गया। अलसुबह वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ हवन में आहुति डालकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। हवन में गुरुकुल जुआं के संचालक आचार्य वेदनिष्ठ की अध्यक्षता में महाशय खजान सिंह छिक्कारा की पुत्री एवं खानपुर कलां स्थित बीपीएस महिला मेडिकल कॉलेज की कुलपति प्रो. सुदेश, पुत्र पूर्व सूचना आयुक्त डॉ. कुलबीर सिंह छिक्कारा ने परिवार सहित आहुति डाली। आर्य जगत से जुड़े गणमान्य लोगों ने अपने विचारों से कार्यक्रम में प्रतिभागी लोगों को प्रभावित किया। अंत में भंडारा लगाकर कार्यक्रम संपन्न किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा साहित्य अकादमी के पूर्व निदेशक पूर्णमल गौड़, प्रताप मेमोरियल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खरखौदा से ओमप्रकाश दहिया, गुरुकुल के प्रधान मास्टर सुरजीत आर्य, डॉ. महिपाल, प्राचार्य जितेंद्र, प्राचार्य राममेहर, व्यायाम शिक्षक राजकिशोर आर्य, सरपंच विनोद कुमार, पूर्व सरपंच संजय, आर्य नरेंद्र बूरा, ट्रीमेन देवेंद्र सूरा, देवेंद्र आर्य, संजीव आर्य, राजकिशोर सहित आर्य जगत से जुड़े कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### अमेरिका ने भी माना भारत में बुद्धि का होता है निर्माण

आचार्य इंद्रदेव ने बताया कि वह भी दौर था, जब बच्चे ग्रीष्मकालीन अवकाश में नाना-मामा के घर जाने को ललायित होते थे, लेकिन महाशय खजान सिंह बच्चों को पकड़कर यहीं रख लेते थे। शिविर लगाकर उन्हें प्राणायाम करवाकर, वेदों के ज्ञान से मार्गदर्शन कर, शुद्ध खाना खिलाकर बच्चों का मार्गदर्शन करते थे। अच्छी बुद्धि का विकास उसी व्यक्ति के जीवन में हो सकता है। इस बात को अमेरिका ने भी माना है कि भारत में बुद्धि का निर्माण होता है। बलवान तो बैल होता है, लेकिन बुद्धि वाला ही आज बलवान है।

### आर्य वीर शिवा ने भजनों से की शुरुआत

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में रोहतक महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र कुमार, रोहतक से आचार्य डॉ. बलबीर आर्य, वक्ता के रूप में आचार्य इंद्रदेव, आचार्य श्रुत कीर्ति ने प्रतिभागी जनों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरुआत आर्य वीर शिवा ने अपने भजनों से की। उन्होंने मेरे ईश्वर तेरा जवाब नहीं, भजन सुनाकर श्रोताओं का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। डॉ. सुरेंद्र कुमार ने कहा कि भारत को पुनः विश्वगुरू बनाने के लिए हमें अपने संस्कारों में सुधार लाना होगा। बच्चों को वैदिक संस्कृति व संस्कारों से जोड़कर प्राचीन संस्कृति को पुनः जीवित करना होगा। गुरुकुल में लगाए गए सात दिवसीय वीर एवं वीरांगना प्रशिक्षण शिविर से बच्चों में उचित शैली, भाषा, चरित्र निर्माण देखने को मिला है। उन्होंने कहा कि महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती ने एक लक्ष्य निर्धारित किया था, जिस पर चलकर मनुष्य शारीरिक, मानसिक, आत्मिक विकास से उन्नति पा सकता है। आत्मा निर्विकार है, जब वह शरीर में क्रमाशस को कोष से जोड़ती है, तभी शरीर शुद्धि के साथ क्रमाश शुद्धि पाता है, जो आत्मा को उन्नत बनाता है। इसके पीछे सुक्ष्म शरीर भी है। जिसके 17 तत्व एवं पंच निर्माता है। यह सभी मिलकर मनुष्य के शरीर के अंदर काम करते हैं। मनुष्य का शरीर पुष्ट होने के साथ मन व बुद्धि में निर्मलता होना जरूरी है। इनके बिना व्यक्ति स्वस्थ नही है और तब वह वास्तव में शारीरिक उन्नति संभव नहीं है। बुद्धि को ज्ञान (प्रकाश) से शोधित किया जा सकता है, तभी हम इस संसार की चीजों का ज्ञात, विवेक, विवेचन कर सकते हैं। अन्यथा कभी व्यक्ति इधर-उधर भटकता है।

## खबर संक्षेप

### दिनदहाड़े चोर बाइक और बोलेरो ले उड़े

रोहतक। जिले में वाहन चोर लगातार सक्रिय हैं। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में मोटरसाइकिल, स्कूटी और बोलेरो चोरी की चार घटनाएं सामने आई हैं। पुलिस ने सभी मामलों में शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहले मामले में राम अवतार निवासी धौलपुर (राजस्थान) ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह रोहतक में रहकर काम करता है। उसकी मोटरसाइकिल मेडिकल मोड़ के पास एक दुकान के नीचे खड़ी थी, जिसे अज्ञात चोर दिनदहाड़े चोरी कर ले गए। दूसरी घटना बहु अकबरपुर थाना क्षेत्र की है। पवन निवासी बहु अकबरपुर ने बताया कि उसने 6 जून की रात अपनी मोटरसाइकिल घर के सामने खड़ी की थी। सुबह करीब 3 बजे के बाद अज्ञात चोर बाइक लेकर फरार हो गए। वहीं गांधी कैंप स्थित ओरियन इंटरनेशनल स्कूल के बाहर से संजू निवासी बलियाणा की स्कूटी चोरी हो गई।

### ट्रांजक्शन के बाद मोबाइल हैक, 77 हजार उड़ाए

रोहतक। शहर के सदर थाना क्षेत्र में साइबर ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने किलोई दोपाना निवासी पवन पुत्र रघुवीर सिंह की शिकायत पर अज्ञात ठग के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पवन ने बताया कि उसने अपने दोस्त प्रवीण को गूगल पे के माध्यम से 1000 रुपये ट्रांसफर किए थे। खाते की जांच करने पर पवन के होश उड़ गए। उसके बैंक खाते से 56 हजार रुपये निकाले जा चुके थे। इतना ही नहीं, उसकी पत्नी सुमन लता के बैंक खाते से भी 21 हजार 700 रुपये की राशि गायब मिली। इस प्रकार ठगों ने दंपती के खातों से कुल 77 हजार 700 रुपये की ठगी कर ली।

### 72 साल के बुजुर्ग ने 13 वर्षीय बच्ची से किया रेप, गिरफ्तार

सांपला। कस्बा के एक गांव में एक बुजुर्ग द्वारा नाबालिग लड़की से दुष्कर्म कर दिया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर 72 वर्षीय आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है और उससे पूछताछ जारी है। पीड़ित परिवार ने पुलिस को बताया कि उसकी 13 साल की बेटी गांव में एक घर से लस्सी लाती थी। एक बुजुर्ग कई दिनों से बच्ची को लोभ देता और बुरी नियत रखने लगा। मंगलवार को बुजुर्ग ने बच्ची के साथ गलत काम कर दिया। माता का निधन हो चुका है। पिता को बताने से वह घबरा गई। दोपहर को उसने अपने पिता को बताया। इसके बाद पीड़िता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई।

### मकान में घुसकर परिवार पर जानलेवा हमला, केस

रोहतक। पुलिस ने मसुदपुर निवासी प्रदीप और उसके परिवार के साथ हुई मारपीट व जानलेवा हमले की वारदात का खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले की गहनता से जांच जारी है। शिकायत के अनुसार सांय के समय ललित, रवि, विक्रम निवासी बहल्मबा तथा दीपक, कुलदीप, धर्मबीर, मीनाक्षी, निर्मला, नारायणी, अन्नु और सरोज निवासी मसुदपुर उसके मकान में जबरन घुस गए। आरोपियों ने मकान में रखे सामान पर कब्जा कर लिया।


## शहर को स्वच्छ बनाने के लिए सीसीटीवी व शीला बाइपास पर लगाया शीशा

# सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वालों की वीडियो एलईडी पर चलेगी

कूड़ा फेंकने से गंदगी के साथ आसपास के क्षेत्र का वातावरण भी होता है दूषित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

नगर निगम द्वारा शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं नागरिकों के लिए सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से निरंतर जनहितकारी एवं प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। शहर में सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा डालने, गंदगी फैलाने एवं खुले में मूत्रत्याग जैसी अस्वच्छ गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के लिए आधुनिक तकनीक एवं व्यवहार परिवर्तन आधारित उपायों को अपनाया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर निगम द्वारा कुछ कूड़ा बिन्दुओं पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने तथा शीला बाईपास के नीचे सामाजिक जागरूकता आधारित एक अनूठे प्रयोग की शुरुआत की गई है। निगम आयुक्त नरेन्द्र कुमार ने बताया कि नगर निगम द्वारा शहर के ऐसे स्थानों की पहचान की गई है, जहां बार-बार सफाई किए जाने के बावजूद कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से कूड़ा फेंका जाता है, जिसके कारण गंदगी फैलने के साथ-साथ आसपास के क्षेत्र का वातावरण भी दूषित होता है।



रोहतक। स्वच्छता के संदेश को दीवारों पर आकर्षक चित्रकारी करता पेंटर।

### शहर को स्वच्छ बनाने के लिए निगम की पहल

निगम आयुक्त नरेन्द्र कुमार ने कहा कि नगर निगम द्वारा सामाजिक व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन लाने के उद्देश्य से शीला बाईपास पुल के नीचे एक सोशल एक्सपेरिमेंट भी किया गया है। वहां पर नगर निगम द्वारा आकर्षक चित्रकारी करवाई गई थी, जिससे क्षेत्र की सुंदरता में वृद्धि हुई थी। किंतु कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा दीवार के समीप खुले में मूत्रत्याग किया जाता है व अवैध पोस्टर/बैनर भी लगाये जाते है, जिस कारण न केवल दीवारों की सुंदरता खराब हो रही थी, बल्कि वहां से गुजरने वाले पैदल यात्रियों एवं स्थानीय नागरिकों को भी दुर्गंध और असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या के समाधान के लिए दीवार के साथ शीशा लगाया गया है। इस सामाजिक प्रयोग का उद्देश्य लोगों में आत्म-जागरूकता पैदा करना है, क्योंकि मनोवैज्ञानिक रूप से यह देखा गया है कि व्यक्ति स्वयं को देखे जाने अथवा स्वयं की छवि को देखकर सार्वजनिक स्थानों पर अनुचित गतिविधियां करने से बचाता है। हमें विश्वास है कि यह प्रयोग खुले में मूत्रत्याग की समस्या को रोकने में प्रभावी साबित होगा तथा सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता एवं सुंदरता बनाए रखने में सहायक होगा।



### गंदगी व अतिक्रमण के खिलाफ चलाया अभियान

सांपला। नगर पालिका की पहली बैठक के बाद प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने साफ कर दिया है कि अब सांपला में न तो गंदगी बर्दाश्त की जाएगी और न ही अतिक्रमण। इसी संदेश को जमीन पर उतारने के लिए एसडीएम अंकिता पवार स्वयं वार्डों में पहुंचीं और सफाई व्यवस्था का जायजा लिया, वहीं दूसरी ओर पार्षदों ने पालिका अधिकारियों के साथ मुख्य बाजार में उतरकर अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। एसडीएम अंकिता पवार ने विभिन्न वार्डों का निरीक्षण कर स्थानीय लोगों से सफाई व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। वार्ड-15 के निवासियों ने उन्हें बताया कि क्षेत्र में पिछले करीब एक माह से सफाई कर्मचारी नियमित रूप से नहीं पहुंचे हैं। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने संबंधित सुपरवाइजर से वार्डवार तैनात सफाई कर्मचारियों की सूची शाम तक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

### कितने दिन चलेगी व्यवस्था, कहना मुश्किल

मुख्य बाजार से हटाए गए अतिक्रमण के बारे मे स्थानीय लोगों का कहना की बाजार को अतिक्रमण मुक्त कर दिया है अच्छी बात है लेकिन ये व्यवस्था कितने दिन चलेगी ये कहना मुश्किल है।

### दुकानदार ले रहे है 20 से 25 हजार किराया

दुकानों के आगे फल बेचने वालो से दुकानदार 20 से 25 हजार तक का किराया वसूल कर रहे है। पुराने थाने के पास भी अतिक्रमण जारी है ये कब हटेगा और इनसे किराया कौन ले रहा है ये भी चर्चा हो रही है।



रोहतक। कार्यक्रम का दीप जलाकर शुभारंभ करते कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल, निदेशक डॉ. एसके सिंघल, डीन स्टूडेंट वेलफेयर, डॉ. सविता रानी सिंघल व डॉ मारकंडेय आहूजा। फोटो : हरिभूमि

### रोल ऑफ योगा इन वुमन हेल्थ विषय पर सम्मेलन

रोहतक। पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय में स्थित एलटी-1 में बुधवार रोल ऑफ योगा इन वुमन हेल्थ विषय पर सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल और विशिष्ट अतिथि पीजीआईएमएस निदेशक डॉ. एसके सिंघल रहे। आयोजन डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. सविता रानी सिंघल द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ने कहा कि योग भारत की मानवता को दी गई सबसे बड़ी सौगात है। यह केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा को जोड़ने वाली संपूर्ण जीवनशैली है। आज तनाव, चिंता और जीवनशैली जनित रोग तेजी से बढ़ रहे हैं, ऐसे में योग की प्रासंगिकता पहले से कहीं अधिक हो गई है। इसमें शारीरिक फिटनेस, भावनात्मक कल्याण, मानसिक मजबूती, प्रजनन स्वास्थ्य और सामाजिक कल्याण सब शामिल हैं। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि महिलाएं बेटी, मां, पेशेवर और लीडर के रूप में कई भूमिकाएं निभाती हैं। उनका स्वस्थ रहना पूरे राष्ट्र की प्रगति के लिए जरूरी है।

# जेएलएन नहर में डूबकर महिला की मौत, नहीं हो पाई पहचान

■ राहगीरों ने रस्सी फेंककर महिला को बचाने का प्रयास किया लेकिन कामयाबी नहीं मिली

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक



रोहतक। मौके पर जांच करती पुलिस की टीम व एफएसएल टीम।

दिल्ली बाईपास स्थित जवाहर लाल नेहरू (जेएलएन) नहर में बुधवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब लोगों ने एक महिला को नहर के तेज बहाव में डूबते देखा। महिला खुद को बचाने के लिए लगातार हाथ-पैर मार रही थी, जबकि पुल और नहर किनारे मौजूद लोग उसे बचाने के प्रयास में जुट गए। रस्सी फेंकी गई, आवाजें लगाई गईं, लेकिन तेज बहाव के आगे सभी कोशिशें नाकाम साबित हुईं। कुछ ही पलों में महिला पानी में ओझल हो गई। घटना की सूचना मिलते ही आईएमटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद महिला के शव को नहर से बाहर निकाला। पुलिस ने मौके पर एफएसएल टीम को भी बुलाया और साक्ष्य जुटाए। फिलहाल मृतका की पहचान नहीं हो पाई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए पीजीआई स्थित शवगृह में रखवाया गया है।

**फरमान** प्रजनन काल होने की वजह से सरकार ने लगाया जाल डालने पर पूर्ण प्रतिबंध

# तालाबों के ठेकेदारों को सरकार के कड़े निर्देश, एक जुलाई से 31 अगस्त तक नहीं पकड़ सकेंगे मछली

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

हरियाणा सरकार ने प्रदेश के तालाबों और जलाशयों के पट्टाधारकों तथा मत्स्य ठेकेदारों को स्पष्ट निर्देश जारी करते हुए कहा है कि 1 जुलाई से 31 अगस्त तक किसी भी सूरत में जाल लगाकर मछली नहीं पकड़ी जा सकेगी। सरकार ने चेतावनी दी है कि प्रतिबंध अवधि के दौरान मछली पकड़ने, पकड़वाने या उसके कारोबार में संलिप्त पाए जाने पर संबंधित ठेकेदारों और पट्टाधारकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मत्स्य विभाग के अनुसार जुलाई और अगस्त का समय मछलियों के प्रजनन का महत्वपूर्ण काल होता है। इस दौरान अधिकांश प्रजातियां अंडे देती हैं और नई पीढ़ी का विकास होता है। ऐसे समय में बड़े पैमाने पर मछली पकड़ने से मत्स्य संपदा को नुकसान पहुंचता है और आने वाले वर्षों के उत्पादन पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है। इसी को देखते हुए हर साल की तरह इस वर्ष भी दो माह का प्रतिबंध लागू सरकार का मानना है कि प्रजनन काल के दौरान मछलियों को संरक्षण मिलने से उनकी संख्या स्वाभाविक रूप से बढ़ती है। इसका सीधा लाभ बाद में मत्स्य पालकों और ठेकेदारों को ही मिलता है, क्योंकि जलाशयों में मछलियों का उत्पादन और आकार दोनों बेहतर होते हैं। विभाग ने सभी ठेकेदारों और पट्टाधारकों से नियमों का पालन करने तथा मत्स्य संरक्षण अभियान में सहयोग देने की अपील की है। साथ ही स्पष्ट किया है कि जुलाई और अगस्त के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही या नियम उल्लंघन पर कार्रवाई तय है। सरकार का लक्ष्य मत्स्य उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ प्रदेश की जलीय जैव विविधता और प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण सुनिश्चित करना है। मछलियों के प्रजनन काल के दौरान लागू होने वाले प्रतिबंध को प्रभावी बनाने के लिए मत्स्य पालन विभाग की निगरानी सबसे महत्वपूर्ण होगी। हरियाणा सरकार ने 1 जुलाई से 31 अगस्त तक मछली पकड़ने पर रोक लगाई है, लेकिन इस आदेश की सफलता विभागीय निगरानी और सख्ती पर निर्भर करेगी।

### नियमों के उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

विभाग ने सभी पट्टाधारकों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने पट्टे वाले तालाबों और जलाशयों में किसी भी प्रकार की मत्स्य आखेट गतिविधि न होने दें। विभागीय अधिकारियों को भी निगरानी बढ़ाने और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। सरकार का कहना है कि प्रतिबंध का उद्देश्य किसी का आर्थिक नुकसान करना नहीं, बल्कि मत्स्य संसाधनों को संरक्षित कर भविष्य में बेहतर उत्पादन सुनिश्चित करना है।

### प्रजनन क्षमता पर पड़ता है असर

मत्स्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार कई बार कुछ ठेकेदार अधिक लाभ कमाने के उद्देश्य से प्रजनन काल में भी मछली पकड़ने का प्रयास करते हैं, जिससे जलाशयों में मछलियों की संख्या प्रभावित होती है। इसलिए इस बार नियमों के पालन को लेकर विशेष सख्ती बरती जाएगी। यदि कोई पट्टाधारक या ठेकेदार जाल लगाकर मछली पकड़ता हुआ पाया गया तो उसके खिलाफ पंजाब मत्स्य अधिनियम और संबंधित नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी। जरूरत पड़ने पर जुर्माना, लाइसेंस संबंधी कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज डायरी



रोहतक। मांगों के लिए खंड एवं पचायत अधिकारी राजपाल चहल को ज्ञापन देतीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका यूनियन हरियाणा के सदस्य।

### आंगनबाड़ी वर्कर्स ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

रोहतक। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका यूनियन हरियाणा (एआईयूटीयूसी संबद्ध) के बैनर तले बुधवार को सैकड़ों आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने अपनी लंबित मांगों को लेकर रोहतक के मानसरोवर पार्क में जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद यूनियन प्रतिनिधियों ने महिला एवं बाल विकास विभाग, हरियाणा, पंचकूला के नाम 19 सूत्रीय मांग पत्र सौंपकर समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। प्रदर्शन के दौरान यूनियन नेताओं ने सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए चेतावनी दी कि यदि मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो प्रदेश स्तर पर बड़ा और निर्णायक आंदोलन शुरू किया जाएगा।



### रेलवे ओवर ब्रिज के नीचे फंसा ट्राला

रोहतक। बजरग भवन फाटक के पास बुधवार देर रात एक ट्राला रेलवे ओवर ब्रिज के नीचे फंस गया। इसको निकालने की जद्दोजहद में एक गाटर भी टूट गया। इसके बाद प्रशासनिक अमला भी मौके पर पहुंच गया।

### मोदी सरकार के 12 साल पूरे होने पर महम में हवन

महम। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत संकल्प अभियान और जनसेवा के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बुधवार को महम स्थित शीतल पुरी मंदिर में हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने राष्ट्र की उन्नति, समृद्धि और विकसित भारत के निर्माण हेतु आहुतियां अर्पित कीं। इस अवसर पर पूर्व राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा एवं महम मंडल अध्यक्ष मुकेश खत्री सहित भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने हवन-यज्ञ में भाग लिया।



### किसान को पशुपालन से आय बढ़ाने के टिप्स दिए

रोहतक। गांव खरेंटी में बुधवार को हरकोफैंड द्वारा किसान जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें करीब 50 किसानों ने भाग लिया। शिविर का उद्देश्य किसानों को सहकारिता, पशुपालन और प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में हरकोफैंड की शिक्षा अधिकारी अर्चना ने किसानों को सहकारिता आंदोलन की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि सहकारी संस्थाओं से जुड़कर किसान अपनी आय में उल्लेखनीय वृद्धि कर सकते हैं। उन्होंने किसानों से सहकारी क्षेत्र के साथ जुड़कर सरकारी योजनाओं और सुविधाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। इस अवसर पर पशुपालन विशेषज्ञ डॉ. राजेंद्र सिंह ने किसानों को पशुपालन को लाभकारी व्यवसाय बनाने के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने पशुओं की बेहतर नस्लों के चयन, नस्ल सुधार, नवजात पशुओं की देखभाल, खीस पिलाने के महत्व, संतुलित आहार, स्वच्छ पेयजल, खनिज मिश्रण तथा आरामदायक पशु आवास के बारे में विस्तार से बताया।

### तीन महिलाएं और किशोरी लापता, केस दर्ज

रोहतक। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में तीन महिलाओं और एक किशोरी के लापता होने के मामले सामने आए हैं। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। आईएमटी थाना पुलिस ने दिनेश पुत्र रमेश कुमार निवासी थाना खुर्द, तहसील खरखोदा, जिला सोनीपत की शिकायत पर उसकी 26 वर्षीय पत्नी प्रीति के लापता होने का मामला दर्ज किया है। दिनेश ने बताया कि 8 जून को वह अपनी पत्नी को रोहतक चिड़ियाघर घुमाने लाया था। दोनों बस स्टैंड पर उतरे और बाहर छोले-भटूरे खाने के बाद वापस बस स्टैंड पहुंचे। इसी दौरान प्रीति ने वॉशरूम जाने की बात कही और अंदर चली गई। काफी देर तक इंतजार करने के बावजूद वह वापस नहीं लौटी। दिनेश ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। उसने बताया कि उसकी पत्नी पहले भी घर से जा चुकी है। वहीं शहर थाना पुलिस ने रामदेवी पत्नी तोलेराम निवासी कुत्ताना बस्ती, पीर बाबा की गली की शिकायत पर उसकी बहन निर्मला के लापता होने का मामला दर्ज किया है। शिकायत के अनुसार निर्मला बिना किसी को बताए घर से चली गई और वापस नहीं लौटी। उधर कलानौर थाना क्षेत्र में धर्मेंद्र पुत्र मुख्तियार सिंह निवासी वार्ड नंबर-12 कलानौर ने अपनी 17 वर्षीय बेटी वैष्णवी के गायब होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। धर्मेंद्र के अनुसार वैष्णवी घर से जाते समय अपने सभी जरूरी दस्तावेज भी साथ ले गई। उन्होंने बताया कि वह पहले भी घर छोड़कर जा चुकी है। पुलिस ने तीनों मामलों में जांच शुरू कर दी है और लापता महिलाओं व किशोरी की तलाश की जा रही है।

### दहेज के लिए विवाहिता को पीटकर घर से निकाला

रोहतक। जिले के बहु अकबरपुर थाना क्षेत्र में एक विवाहिता ने अपने पति और ससुराल पक्ष के अन्य सदस्यों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने, मारपीट करने और घर से निकालने के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बहु अकबरपुर निवासी सोनिया पुत्री सतीश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका विवाह गांव माडोदी निवासी निपुण पुत्र नरेश के साथ हुआ था। विवाह के बाद से ही उसके ससुराल वाले दहेज की मांग को लेकर उसे मानसिक और शारीरिक रूप से परेशान करने लगे। सोनिया का आरोप है कि उसकी खुशहाल गृहस्थी बनाए रखने के लिए उसके परिजनों ने कई बार ससुराल पक्ष की छोटी-बड़ी मांगें भी पूरी कीं, लेकिन इसके बावजूद उनकी दहेज की मांगें लगातार बढ़ती गईं। शिकायत के अनुसार जब उसके परिवार ने और दहेज देने से इनकार कर दिया तो पति निपुण, सास अनीता, ससुर नरेश और ननद नीलम ने उसके साथ मारपीट की। आरोप है कि इसके बाद उसे घर से निकाल दिया।

# एमए संस्कृत में युवाओं का रुझान कम, 75 सीटों पर आए केवल 18 आवेदन, तीन वर्षीय एलएलबी ऑनर्स में तीन गुणा से ज्यादा

■ एमडीयू में पीजी, एलएलबी ऑनर्स और बीपीएड में दाखिले के लिए आवेदन तिथि बढ़ी, अब 28 जून तक करें अप्लाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट्स और एमडीयू-सीपास, गुरुग्राम में संचालित दो वर्षीय पीजी पाठ्यक्रमों, तीन वर्षीय एलएलबी (ऑनर्स) और बीपीएड पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर अब 28 जून कर दी है। तीन वर्षीय एलएलबी (ऑनर्स) में सीटों के तीन गुणा से ज्यादा आवेदन आए। इसमें 240 सीटों पर 805 आवेदन आए हैं। कुछ विषय ऐसे है जिनमें सीटों से काफी आवेदन आए है। इनमें एमए संस्कृत में 75 सीटों पर 18, एमएससी सांख्यिकी में 50 सीटों पर 37, आईएचटीएम ग्रुप (एमटीटीएम व एमएचएमसीटी) में 70 सीटों पर केवल 31 आवेदन आए हैं। कुलसचिव प्रो. संदीप बंसल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि उपरोक्त पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए विद्यार्थी अब 28 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। अधिक से अधिक विद्यार्थियों को अवसर देने के उद्देश्य से तिथि बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। कुलसचिव ने बताया कि सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया पूर्व निर्धारित नियमों के अनुसार ही जारी रहेगी। नियामक संस्थाओं जैसे बीसीआई, पीसीआई, एआईसीटीई, एनसीटीई आदि के अधीन आने वाले पाठ्यक्रमों को छोड़कर अन्य सभी पाठ्यक्रमों के लिए पहले प्रकाशित प्रॉस्पेक्टस में वर्णित शर्तें एवं नियम यथावत लागू रहेंगे। प्रवेश प्रक्रिया, पात्रता, आवश्यक दस्तावेजों तथा अन्य विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

स्टूडेंट गाइड

**उपलब्ध सीटें एवं प्राप्त आवेदन**

| कोर्स नाम | कुल सीट | आवेदन |
|---|---|---|
| एलएलबी (ऑनर्स) 3 वर्ष | 240 | 805 |
| मैनेजमेंट ग्रुप | 440 | 465 |
| एलएलएम शिफ्ट एक और दो | 180 | 334 |
| लाइफ साइंस एमएससी | 370 | 334 |
| कंप्यूटर साइंस ग्रुप | 140 | 302 |
| साइकोलॉजी ग्रुप | 70 | 244 |
| एमए अंग्रेजी | 60 | 205 |
| एमए राजनीति विज्ञान | 60 | 170 |
| एमए भूगोल | 50 | 138 |
| एम फार्मा साइंसेज ग्रुप | 55 | 190 |
| एमए इतिहास | 70 | 120 |
| एमएससी रसायन विज्ञान | 90 | 117 |
| एमपीएड | 40 | 109 |
| एमएससी भौतिक विज्ञान | 60 | 94 |
| मास्टर ऑफ कॉमर्स | 60 | 89 |
| एमएससी गणित | 180 | 86 |
| एमएससी फोरेंसिक साइंस | 25 | 83 |
| एमए हिंदी | 60 | 69 |
| मास्टर ऑफ लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन साइंस | 45 | 70 |
| एमए पत्रकारिता और जनसंचार | 40 | 57 |
| एमए अर्थशास्त्र | 60 | 53 |
| एमए समाजशास्त्र | 50 | 60 |
| एमए लोक प्रशासन | 50 | 40 |
| एमए योग विज्ञान | 50 | 33 |
| एमए रक्षा एवं रणनीतिक अध्ययन | 50 | 42 |
| मास्टर ऑफ एजुकेशन | 50 | 45 |
| आईएचटीएम ग्रुप | 70 | 31 |
| एमबीए (एग्जीक्यूटिव) इवनिंग | 30 | 47 |
| एमएससी सांख्यिकी | 50 | 27 |
| एमए एजुकेशन | 30 | 37 |
| एमए संस्कृत | 75 | 18 |
| एमए हिंदू अध्ययन | 30 | 22 |
| म्यूजिक ग्रुप | 30 | 14 |
| एमए फाइन आर्ट्स | 15 | 15 |

## सड़क सुरक्षा का संदेश लेकर स्कूटर पर निकला हैं कर्नाटक का दिवाकर रेड्डी

रोहतक। रोड सेफ्टी के बारे में देश के लोगों को अवगत कराने वाले बंगलुरू के युवा दिवाकर रेड्डी देश के विभिन्न हिस्सों से होते हुए 1,18000 किलोमीटर का सफर पूरा करके बाइक से रोहतक पहुंचे। इन्होंने एक नंवबर 2023 को बंगलुरू से सफर शुरू किया था। अभी इन्होंने 88 हजार किलोमीटर सफर देश के विभिन्न हिस्सों में पहुंचकर पूरा करना है। यह सफर तकरीबन एक साल




में पूरा होगा, ऐसा इनका कहना है। बुधवार सुबह ये जाट भवन से दिल्ली के लिए रवाना हो गए। इन्होंने कहा कि मैं स्कूटर पर देशभर की अनोखी यात्रा कर रहा हूं। इस ऑल इंडिया सोलो राइड में वह 28 राज्यों, 8 केंद्र शासित प्रदेशों और 806 जिलों का भ्रमण करने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहा हूं। अब तक मैं 1.18 लाख किलोमीटर से अधिक की दूरी तय कर चुका हूं तथा यात्रा के 953 दिन पूरे हो चुके हैं। रेड्डी का दावा है कि वह एक ही देश के भीतर 2 लाख किलोमीटर की सबसे लंबी यात्रा पूरी करने वाला दुनिया का पहला व्यक्ति बनने जा रहा है। इस उपलब्धि को लेकर उसका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स सहित 15 से अधिक रिकॉर्ड श्रेणियों में दर्ज कराने की प्रक्रिया चल रही है। यात्रा का उद्देश्य केवल रिकॉर्ड बनाना नहीं, बल्कि देशभर में सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करना भी है। इस दौरान वह विभिन्न शहरों, कस्बों और गांवों में लोगों से संवाद कर सुरक्षित वाहन चलाने, हेलमेट के उपयोग और यातायात नियमों के पालन का संदेश दे रहा है।



## निडरता, साहस और आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी: कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया

रोहतक। निडरता, साहस और आत्मविश्वास ही सफलता की असल कुंजी हैं। जीवन में वही युवा आगे बढ़ते हैं, जो चुनौतियों से घबराने की बजाय उनका डटकर सामना करते हैं। यह बात महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने यूथ सेंटर फॉर स्किल डेवलपमेंट फॉर ऑल सर्विसेज में भारतीय सेना में अधिकारी बनने की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कही। इस दौरान कुलसचिव प्रो. संदीप बंसल भी मौजूद रहे। कुलपति ने युवाओं में जोश भरते हुए खासतौर पर ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाले विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया। उन्होंने कहा कि गांव की मिट्टी से निकलने वाले युवाओं में संघर्ष करने की क्षमता, धैर्य और मेहनत का जज्बा सबसे अधिक होता है। इसलिए गांव से आने वाले विद्यार्थियों को कभी भी खुद को कमजोर या किसी से कम नहीं समझना चाहिए।इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. संदीप बंसल ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि निरंतर मेहनत, धैर्य और स्पष्ट लक्ष्य ही युवाओं को ऊंचाइयों तक पहुंचाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने समय का सदुपयोग करने और दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। इस मौके पर परियोजना निदेशक प्रो. शालिनी सिंह, ब्रिगेडियर हरबीर सिंह, प्रो. दिव्या मल्हान, डिप्टी डीएसडब्ल्यू प्रो. सोनू, निदेशक युवा कल्याण डॉ. प्रताप राठी तथा निदेशक जनसंपर्क सुनित मुखर्जी उपस्थित रहे।

# कॉकरोच पार्टी का समर्थन करने गई लेडी टीचर सस्पेंड

## बोली-बेटे के हक की लड़ाई लड़ने दिल्ली गई थी

### जंतर-मंतर पर प्रदर्शन में शामिल होने के बाद शिक्षा विभाग का एक्शन, कारण पूछ रही गेस्ट टीचर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित धांधली और पेपर लीक के खिलाफ आवाज उठाने पहुंची रोहतक की एक गेस्ट टीचर अब खुद प्रशासनिक कार्रवाई का सामना कर रही हैं। जंतर-मंतर पर हुए कॉकरोच पार्टी प्रदर्शन में शामिल होकर मीडिया के सामने अपनी बात रखने वाली सुलेखा दलाल को शिक्षा विभाग ने निलंबित कर दिया है। खास बात यह है कि जारी किए गए सस्पेंशन आदेश में निलंबन का कोई स्पष्ट कारण नहीं बताया गया है। ऐसे में गेस्ट टीचर अब विभाग से अपने निलंबन का कारण पूछ रही हैं। रोहतक के रैनकपुरा कॉलोनी स्थित राजकीय मिडिल स्कूल में कार्यरत पीआरटी गेस्ट टीचर सुलेखा दलाल का कहना है कि वह किसी राजनीतिक उद्देश्य से नहीं, बल्कि एक मां के रूप में अपने बेटे और अन्य युवाओं के भविष्य की चिंता को लेकर प्रदर्शन में शामिल हुई थीं। उनका आरोप है कि प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार सामने आ रहे पेपर लीक और चयन प्रक्रियाओं में अनियमितताओं से मेहनती युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है।

### वायरल वीडियो के बाद हुई कार्रवाई

बताया जा रहा है कि छह जून को दिल्ली के जंतर-मंतर पर कॉकरोच पार्टी का आयोजित प्रदर्शन में सुलेखा दलाल भी पहुंची थीं। वहां मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित गड़बड़ियों पर नाराजगी जताई थी। उन्होंने कहा था कि युवा अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे हैं और वह एक मां के तौर पर अपने बेटे सहित देशभर के युवाओं के समर्थन में वहां पहुंची हैं। इस बयान का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

इसके बाद 10 जून को जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय की ओर से उनका निलंबन आदेश जारी कर दिया गया। आदेश में यह भी उल्लेख किया गया कि निलंबन 8 जून से प्रभावी माना जाएगा।

### पेपर लीक या चयन प्रक्रिया पर सवाल उठाए

सुलेखा दलाल का कहना है कि उनका बेटा दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातक है और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा है। उन्होंने कहा कि युवा दिन-रात मेहनत करते हैं, लेकिन जब पेपर लीक या चयन प्रक्रिया पर सवाल उठते हैं तो उनका मनोबल टूट जाता है। सुलेखा ने कहा कि मैं किसी राजनीतिक संगठन से नहीं जुड़ी हूं। मैं सिर्फ एक मां हूं और अपने बेटे जैसे हजारों मेहनती बच्चों के लिए आवाज उठाने गई थी। यदि बच्चों के भविष्य के लिए बोलना गलत है तो मुझे इसका जवाब दिया जाना चाहिए।

### परीक्षाओं में धांधली के लगाए आरोप

सुलेखा दलाल ने आरोप लगाया कि कई भर्ती और प्रवेश परीक्षाओं में अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। परीक्षाओं में धांधली हो रही है। उन्होंने कहा कि उनके बेटे ने भी विभिन्न सरकारी नौकरियों के लिए आवेदन किया हुआ है। ऐसे मामलों के कारण युवा मानसिक रूप से परेशान होते हैं और उनके भविष्य पर असर पड़ता है। उन्होंने कहा कि एक मां होने के नाते वह अपने बेटे और अन्य युवाओं के अधिकारों की लड़ाई लड़ रही हैं और आगे भी लड़ती रहेंगी।

### सस्पेंशन लेटर में नहीं बताया कारण

गेस्ट टीचर का कहना है कि उन्हें जो निलंबन आदेश भेजा गया है, उसमें कार्रवाई का कोई कारण दर्ज नहीं है। उन्होंने विभाग से लिखित रूप में कारण बताने की मांग की है। उनका कहना है कि जब तक स्पष्ट कारण नहीं बताया जाता, तब तक वह इस कार्रवाई को समझ नहीं पा रही हैं।

### कोर्ट जाने की तैयारी

सुलेखा दलाल ने कहा कि यदि विभाग की ओर से संतोषजनक जवाब नहीं मिला तो वह निलंबन आदेश को न्यायालय में चुनौती देंगी। उनका कहना है कि उन्होंने अपने पूरे सेवा काल में कभी कोई अनुशासनहीनता नहीं की और हमेशा ईमानदारी से अपनी जिम्मेदारियां निभाई हैं।

### 18 साल से दे रही हैं सेवाएं

सुलेखा दलाल वर्ष 2007 से गेस्ट टीचर के रूप में शिक्षा विभाग में सेवाएं दे रही हैं। वह फरीदाबाद, झज्जर और गुरुग्राम सहित विभिन्न जिलों में कार्य कर चुकी हैं। वर्ष 2018 से वह रोहतक में कार्यरत हैं। उनके अनुसार, सेवा अवधि के दौरान उनके खिलाफ कभी कोई शिकायत या विभागीय कार्रवाई नहीं हुई। उधर, इस मामले में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी का पक्ष जानने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका।

## खाप पंचायतों का 3 दिवसीय चिंतन शिविर कल से कुरुक्षेत्र में

महम। कुरुक्षेत्र की जाट धर्मशाला में 12 से 14 जून तक उतर भारत की खाप पंचायतों का तीन दिवसीय चिंतन शिविर होगा। जिसमें सभी खाप पंचायत बढ़ चढ़कर भाग लेंगी। नेहरा खाप के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप नेहरा ने बताया कि शिविर समाज को प्रभावित करने वाले गंभीर मुद्दों पर गहराई से चर्चा होगी। लव मैरिज, लिव इन रिलेशनशिप, और समलैंगिकता पर खापों का रुख तय किया जाएगा। नेहरा ने बताया कि हिन्दू कोड बिल में जरूरी संशोधनों को लेकर रूपरेखा बनेगी। समाज को खोखला कर रहे नशे पर पूरी तरह से रोक के उपाय तलाशे जाएंगे। युवाओं को गुमराह करने वाले, संस्कृति में गंदगी परोसने वाले कलाकारों और सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर पर अंकुश लगाने के मुद्दे पर भी मंथन होगा। शिविर को वैधानिक और सामाजिक दृष्टि देने के लिए पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के सीनियर वकीलों, रिटायर्ड जजों, समाज के प्रबुद्ध बुद्धिजीवियों को भी बुलाया गया है।

■ लव मैरिज, लिव इन रिलेशनशिप और नशे के विरुद्ध उत्तर भारत की खापें करेंगी मंथन



## नशामुक्ति केंद्र पहुंचकर डॉ. तरन्नुम खान ने स्वस्थ जीवन और पौधरोपण का दिया संदेश

रोहतक। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम डॉ. तरन्नुम खान ने बुधवार को पीजीआईएमएस रोहतक स्थित स्टेट ड्रग डिपेंडेंस ट्रीटमेंट सेंटर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने उपचाराधीन मरीजों और स्टाफ सदस्यों से मुलाकात कर स्वास्थ्य एवं उपचार संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। डॉ. तरन्नुम खान ने मरीजों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार और समाज पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। उन्होंने नशे को गंभीर सामाजिक बुराई बताते हुए इससे दूर रहकर स्वस्थ, सम्मानजनक और सकारात्मक जीवन अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने मरीजों को नशामुक्त होकर समाज की मुख्यधारा से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उन्होंने हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के पौधरोपण अभियान की जानकारी देते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का संदेश भी दिया।

## राज्य पेंचक सिलाट प्रतियोगिता में ललित और अक्षय ने जीते स्वर्ण पदक

रोहतक। कुरुक्षेत्र में संपन्न हुई 14वीं हरियाणा राज्य पेंचक सिलाट प्रतियोगिता 2026-27 में सर्व श्रेष्ठ खेल अकादमी के खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन कर कई पदक जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। प्री-टीन वर्ग में ललित ने 54-56 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार खेल दिखाते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। जूनियर वर्ग में जतिन ने 55-59 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक जीता, जबकि अक्षय ने 63-65 किलोग्राम भार वर्ग में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। सीनियर वर्ग में नितिन ने 55-60 किलोग्राम भार वर्ग में अच्छा खेल दिखाया। अकादमी के प्रशिक्षक अक्षय कुमार ने खिलाड़ियों की मेहनत और अनुशासन की सराहना करते हुए बताया कि अब सभी खिलाड़ी आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की तैयारी में जुट गए हैं। जूनियर राष्ट्रीय पेंचक सिलाट प्रतियोगिता 25 से 28 जून तक नासिक में आयोजित होगी वहीं वरिष्ठ राष्ट्रीय प्रतियोगिता 6 से 8 जुलाई तक शिलांग में होगी जिसमें अकादमी के खिलाड़ी दमखम दिखाएंगे।



## योग दिवस की तैयारियों में जुटे 10 विभाग, आज होगी प्रगति की समीक्षा

रोहतक। 21 जून को आयोजित होने वाले 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने के लिए सरकार के 10 प्रमुख विभाग तैयारियों में जुट गए हैं। राज्य स्तर से लेकर जिला और ग्राम स्तर तक कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की जा रही है, जबकि विभागों को उनकी जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं। तैयारियों की प्रगति की समीक्षा के लिए 11 जून को शाम 4 बजे हरियाणा न्यू सचिवालय चंडीगढ़ में उच्चस्तरीय बैठक आयोजित होगी। स्वास्थ्य एवं आयुष विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा अब तक की गई तैयारियों का आकलन किया जाएगा। आयुष निदेशालय के निर्देशानुसार इस बार योग दिवस को अधिक व्यापक और जनभागीदारी वाला बनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। योग दिवस के आयोजन में परिवहन, उच्चतर शिक्षा, विकास एवं पंचायत, युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता, स्कूल शिक्षा, खेल, जनसंपर्क एवं भाषा, महिला एवं बाल विकास तथा शहरी स्थानीय निकाय विभाग सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

### आज दो शो के साथ होगा 'बियोंड द इमेजिनेशन' का समापन

# 'भीड़ के बावजूद असुरक्षा व अकेलापन' की दास्तान का मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसीसुपवा) में बुधवार को नाटक 'बियोंड द इमेजिनेशन' के तीन दिवसीय मंचन का दूसरा दिन रहा। इस दौरान फिल्म एवं टेलीविजन फैकेल्टी के एक्टिंग डिपार्टमेंट के छात्रों ने मुंबई जैसे महानगर में भीड़ के बीच रहते हुए बुद्धिजीवी व्यक्ति के स्वयं को अकेला और असुरक्षित महसूस करने की दास्तान को रेखांकित करते हुए मंच पर प्रभावशाली ढंग से मंचन किया।'बियोंड द इमेजिनेशन' के गुरुवार को होने वाले दो शो के साथ इसका समापन होगा। मंगलवार शाम के शो के दौरान हरियाणा कला परिषद के उपाध्यक्ष महेश जोशी ने बतौर अतिथि शिरकत की, जबकि बुधवार को हरियाणा कला परिषद के अतिरिक्त निदेशक बिंदर दनोदा व गगन हरियाणवी ने बतौर अतिथि छात्रों की हौंसला अफजाई की। जाने-माने लेखक, साहित्यकार महेश एलकुंचवार द्वारा लिखित मराठी के प्रसिद्ध नाटक प्रतिबिंब पर आधारित 'बियोंड द इमेजिनेशन' में मुख्य पात्रों में एक्टिंग डिपार्टमेंट के चौथे सेमेस्टर के छात्र भारती, प्रिंस व पुष्कर शामिल रहे।



रोहतक। नाटक प्रस्तुत करते कलाकार। फोटो: हरिभूमि

### सुपवा के छात्रों की सराहना की

छात्रों ने नाटक में विभिन्न पात्रों के माध्यम से व्यक्ति के बाहरी व भीतरी व्यक्तित्व के टकराव, सामाजिक मुखौटों व वास्तविक पहचान की खोज को दर्शाया। दर्शकों को थियेटर वाला अहसास कराने के लिए एफटीवी स्थित मिनी ऑडिटोरियम के मंच को भव्य सेट का रूप दिया गया है। मुंबई से आई एक्सपर्ट की टीम ने सुपवा के छात्र कलाकारों की लगातार जिस तरह से रिहर्सल कराई, उसका परिणाम उनकी अदाकारी में साफ झलकता नजर आया। गुरुवार को नाटक के दो शो दोपहर 3:30 बजे व शाम 6:30 बजे होंगे, जिनमें थियेटर, नाटक व कला प्रेमियों के लिए एंट्री निशुल्क रहेगी। नाटक के मंचन के दौरान डीएलसीसुपवा के कुलगुरु डॉ अमित आर्य, डीन अकेडमिक अफेयर्स डॉ. अजय कौशिक, एफटीवी के एफसी महेश टीपी, विजुअल आर्ट्स के एफसी विनय कुमार व डिजाइन फैकेल्टी की एफसी डॉ शैली खन्ना आदि भी मौजूद रहे। 'बियोंड द इमेजिनेशन' का निर्देशन एनएसडी से स्नातक सुशील कांत ने किया, जबकि प्रॉडक्शन डिजाइन की जिम्मेदारी बिपिन गोबाले ने संभाली। एनएसडी की ही पूर्व छात्रा पाली फुकॉन ने कॉस्ट्यूम डिजाइन किया। इसका हिंदी अनुवाद वसंत देव ने किया, जबकि साउंड की जिम्मेदारी दीपा वर्मा ने संभाली। नाटक 'बियोंड द इमेजिनेशन' के मंचन के दौरान आम जनता के लिए एंट्री निशुल्क रही। थियेटर, नाटक व कला प्रेमियों ने जीवंत प्रस्तुति के लिए सुपवा के छात्रों की सराहना की।

**सूचना**

मैं, उदय सिंह पुत्र श्री नरेश निवासी गांव बसाना तहसील कलानौर जिला रोहतक बयान करता हूं कि मैंने एक Driving Licence No. GJ0620040007614 बना रखा है जिसमें मेरा नाम UDAYSINH N PARMAR S/O NARESH KUMAR PARMAR दर्ज है। अब मैं मेरे Driving Licence में मेरा नाम UDAYSINH N PARMAR S/O NARESH KUMAR PARMAR की जगह उदय सिंह Uday Singh पुत्र नरेश (NARESH) दर्ज करवाना चाहता हूं।

## खबर संक्षेप



### राष्ट्रीय कन्या चरित्र निर्माण शिविर में सामाजिक जागरण का संदेश, टिटौली में निकलेगी शोभायात्रा

रोहतक। स्वामी इंद्रवेश विद्यापीठ, टिटौली परिसर में आयोजित राष्ट्रीय कन्या चरित्र निर्माण शिविर में आज सामाजिक जागरण, नारी सशक्तिकरण एवं संस्कार निर्माण विषयों पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बेटी बचाओ अभियान की राष्ट्रीय अध्यक्षा बहन पूनम आर्या, रोहतक के पूर्व मेयर मनमोहन गोयल , जिला महिला एवं बाल अधिकारी कर्मेंद्र कौर तथा मानव सेवा प्रतिष्ठान के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल शास्त्री ने शिविरार्थी बहनों एवं उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। शिविर प्रबंधक प्रवेश आर्या की ओर से जानकारी दी गई कि कन्या भ्रूण हत्या, नशाखोरी, अश्लीलता एवं धार्मिक अंधविश्वास के विरुद्ध जन-जागरण हेतु प्रस्तावित शोभायात्रा अब 11 जून को रोहतक शहर की बजाय टिटौली गांव में निकाली जाएगी। रोहतक शहर में हाल ही में दुकानों में लगी आग की घटना को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है।




### मुआवजा नीति में बदलाव के लिए किसानों ने शहर में किया शांतिपूर्ण मार्च, आज होगी वार्ता

रोहतक। भारतीय किसान यूनियन एकता सिद्धूपुर के बैनर तले बुधवार को किसानों ने मानसरोवर पार्क में पंचायत का आयोजन किया और उसके बाद शांतिपूर्ण ढंग से कमिश्नर कार्यालय तक शहर में मार्च किया। इस दौरान किसानों ने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल एवं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नाम का ज्ञापन कमिश्नर के ओएसडी को सौंपा। प्रतिनिधिमंडल के साथ हुई बातचीत के बाद प्रशासन द्वारा किसानों को वीरवार सुबह 10 बजे औपचारिक वार्ता के लिए आमंत्रित किया गया है। इस अवसर पर होशियार सिंह गिल, हर्षदीप सिंह, मोनिका नैन, सुमित मकड़ौली, अनिल बल्लू प्रधान, अभिमन्यु कोहाड़, देवेंद्र गहलावत, बेदी दहिया, अंकित डांगी, शमशेर पुनिया, दिलबाग बिंझौल आदि किसान शामिल रहे।

### एमडीयू में 520 अभ्यर्थियों ने दी तीन यूजी पाठ्यक्रमों की परीक्षा

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्नातकीय (यूजी) पाठ्यक्रमों- बैचलर इन पब्लिक हेल्थ साइंसेज, बीएससी (जेनेटिक्स), और बीकाम (चार वर्षीय) की प्रवेश परीक्षा बुधवार को परीक्षा शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से आयोजित की गयी। बैचलर इन पब्लिक हेल्थ साइंसेज में 56 अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा में बैठे और 26 अनुपस्थित रहे। बी.एस.सी. (जेनेटिक्स) में 170 अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा में बैठे और 117 अनुपस्थित रहे, और बीकाम (चार वर्षीय) में 294 अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा में बैठे और 178 अनुपस्थित रहे। बुधवार को तीन विभागों की कुल 520 विद्यार्थियों ने प्रवेश परीक्षा दी। प्रवेश परीक्षा के दौरान एमडीयू के कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने परीक्षा केंद्रों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान कुलसचिव प्रो संदीप बंसल, परीक्षा नियंत्रक प्रो राहुल ऋषि और निदेशक जनसम्पर्क सुनित मुखर्जी साथ रहे।

### शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही पुलिस की असली परीक्षा : एसपी


रोहतक। शहर में मंगलवार को पुलिस अधीक्षक गौरव राजपुरोहित की अध्यक्षता में हुई क्राइम मीटिंग केवल एक औपचारिक बैठक नहीं रही, बल्कि अपराधियों और लापरवाह पुलिसकर्मियों के लिए कड़ा संदेश बनकर सामने आई। एसपी ने साफ शब्दों में कहा कि थाना स्तर पर आने वाली हर शिकायत पर कार्रवाई के साथ-साथ शिकायतकर्ता से फीडबैक लेना भी अनिवार्य होगा। यदि किसी स्तर पर लापरवाही मिली तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित सभागार में



आयोजित बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष यादव, डीएसपी दलीप सिंह, डीएसपी महम तनुज शर्मा सहित जिले के सभी थाना और चौकी प्रभारी, सीआईए स्टाफ प्रभारी तथा अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में एसपी गौरव राजपुरोहित ने कानून व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सतर्क निगरानी रखने के निर्देश दिए और कहा कि शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही पुलिस की असली परीक्षा है।

### गौड़ ब्राह्मण विद्या प्रचारिणी सभा के प्रशासक के रूप में एसडीएम आशीष वशिष्ठ का कार्यकाल बढ़ा


रोहतक। गौड़ ब्राह्मण विद्या प्रचारिणी सभा के लिए प्रदेश सरकार ने रोहतक के एसडीएम आशीष वशिष्ठ का कार्यकाल संस्था के प्रशासक के रूप में बढ़ा दिया है। इस निर्णय से संस्था के विकास कार्यों को निरंतरता मिलने के साथ-साथ आगामी चुनाव प्रक्रिया को भी गति मिलेगी। मुख्य सचिव, हरियाणा द्वारा जारी आदेशों के अनुसार आशीष वशिष्ठ संस्था के चुनाव संपन्न होने



व 21 मई 2027 तक प्रशासक के रूप में अपनी सेवाएं देते रहेंगे। उनके कार्यकाल विस्तार के समाचार से संस्था के पदाधिकारियों, कर्मचारियों तथा समाज के लोगों में प्रसन्नता का माहौल है। गौड़ ब्राह्मण विद्या प्रचारिणी सभा के पदेन सचिव एवं प्राचार्य डॉ. जयपाल शर्मा ने पदभार ग्रहण करवाया एवं उनका स्वागत करते हुए कहा कि प्रशासक के रूप में आशीष वशिष्ठ ने संस्था के प्रशासनिक ढांचे को मजबूत करने, विकास कार्यों को गति देने तथा पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए हैं।

### अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने शिक्षा मंत्री के सामने रखीं मांगें

रोहतक। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (हरियाणा) के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को चंडीगढ़ स्थित हरियाणा



निवास में प्रदेश के शिक्षा मंत्री महिपाल सिंह ढांडा के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक के शुरुआत में संगठन के पदाधिकारियों ने शिक्षा मंत्री को टेबल कैलेंडर, पुस्तक और पत्रिका भेंट की। इस चर्चा के दौरान महासंघ ने शिक्षा मंत्री के सामने कई प्रमुख मांगें रखीं, जिनमें राजकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों के शिक्षकों को 7वें वेतन आयोग के अनुसार मकान किराया और चिकित्सा भत्ता देने, आकस्मिक अवकाश में विभाग की दोहरी भूमिका को समाप्त करने, और सहायता प्राप्त महाविद्यालयों में ग्रेच्युटी व समय पर मासिक वेतन का भुगतान सुनिश्चित करने की बात कही गई। इस बैठक में प्रांत अध्यक्ष डॉ. पुष्प दीप डागर, महामंत्री प्रो. सतीश कुमार सैनी, प्रो. युद्धवीर सिंह और डॉ. सुखदीप सिंह शामिल रहे, जिन्होंने इस सकारात्मक चर्चा के लिए मुख्यमंत्री कार्यालय का आभार व्यक्त किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

# डी पार्क अग्निकांड

# एक साथ जलीं तीन चिताएं, चित्कार उठा शहर

## नम आंखों से दी सौरभ, अमन और कपिल को विदाई : गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

डी-पार्क मार्केट अग्निकांड में जान गंवाने वाले तीन लोगों का बुधवार को गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया गया। श्मशान घाट में उस समय हर किसी की आंखें नम हो गईं, जब एक साथ तीन परिवारों के चिरागों को अंतिम विदाई दी गई। हादसे में जिंदा जलकर जान गंवाने वाले होम टाउन शूज के संचालक सौरभ उर्फ रोहित, रोहतक शूज के कर्मचारी अमन यादव और कपिल की अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। मंगलवार को डी-पार्क मार्केट में लगी भीषण आग ने तीन परिवारों की खुशियां छीन ली थीं। आग इतनी भयावह थी कि सात घंटे बाद राहत और बचाव दल को मलबे से तीनों के शव बरामद हुए। शव इस कदर झुलस चुके थे कि उनकी पहचान करना भी मुश्किल हो गया था। पोस्टमार्टम की औपचारिकताओं के बाद बुधवार को परिजनों को शव सौंपे गए।

गौरतलब है कि मंगलवार दोपहर डी-पार्क स्थित रोहतक शूज शोरूम में एसी का कंप्रेसर फटने के बाद आग लग गई थी। देखते ही देखते आग ने आसपास की करीब 10 दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। आग पर काबू पाने के लिए सात जिलों से पहुंची करीब 50 दमकल गाड़ियों को घंटों मशक्कत करनी पड़ी। देर शाम आग पर नियंत्रण पाया गया, लेकिन तब तक तीन जिंदगियां हमेशा के लिए बुझ चुकी थीं। बुधवार को जब तीनों की चिताएं जलीं तो हर किसी के मन में एक ही सवाल था कि आखिर इन परिवारों का कसूर क्या था। कुछ मिनटों में लगी आग ने तीन घरों की खुशियां छीन लीं और पीछे छोड़ गईं आंसू, यादें और अधूरे सपने।









### बेटों और भाई ने दी मुखाग्नि

सबसे दर्दनाक दृश्य उस समय देखने को मिला जब मृतकों के परिजन अपने प्रियजनों को अंतिम विदाई देने पहुंचे। अमन यादव और कपिल के बेटों ने अपने पिता को मुखाग्नि दी, जबकि 19 वर्षीय सौरभ उर्फ रोहित को उसके बड़े भाई चेतन ने अंतिम विदाई दी। श्मशान घाट में मौजूद लोगों की आंखें उस समय भर आईं जब रोते-बिलखते परिजन अपने बेटे, पिता और भाई को आखिरी बार देख रहे थे।

### मौत से पूरे मोहल्ले में शोक की लहर

नेहरू कॉलोनी निवासी कपिल पिछले करीब 20 वर्षों से रोहतक शूज शोरूम में काम कर रहे थे। उन्होंने पूरी जिंदगी मेहनत करके परिवार का पालन-पोषण किया। उनके दो बेटे और एक बेटी हैं, जिनकी शादी हो चुकी है। परिवार के लोगों ने बताया कि कपिल अपने सरल स्वभाव और मेहनत के लिए जाने जाते थे। उनकी मौत से मोहल्ले में मातम छाया है।

### तीन दिन पहले मनाया था बेटी का जन्मदिन

बाबरा मोहल्ला निवासी अमन यादव अपने पीछे पत्नी, आठ वर्षीय बेटे और तीन वर्षीय बेटी को छोड़ गए हैं। तीन दिन पहले ही उनके घर में बेटी का जन्मदिन मनाया गया था। परिवार के लोग अभी उस खुशी से बाहर भी नहीं निकल पाए थे कि यह हादसा उनकी जिंदगी में कभी न भरने वाला घाव दे गया। अंतिम संस्कार के दौरान अमन की पत्नी और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।

### 19 साल की उम्र में जिम्मेदारी संभाली

गुरुनानकपुरा निवासी 19 वर्षीय सौरभ उर्फ रोहित की मौत ने पूरे परिवार को गहरा सदमा दिया है। कम उम्र में ही उसने अपने बड़े भाई चेतन के साथ शू शोरूम की जिम्मेदारी संभाल ली थी। परिवार का सपना था कि जल्द ही अपना शू मैन्युफैक्चरिंग यूनिट शुरू किया जाए, लेकिन भीषण आग हादसे ने सभी उम्मीदों को खत्म कर दिया। इस हादसे के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है।



## बारूद के ढेर पर बैठी शौरी मार्केट

### तीन साल से छोटी फायर ब्रिगेड की मांग, घनी आबादी वाले बाजारों की सुरक्षा व्यवस्था एक बार फिर सवालों में



अब शहर के घनी आबादी वाले बाजारों की सुरक्षा व्यवस्था फिर सवालों के घेरे में आ गई है। शहर की प्रमुख शौरी मार्केट के प्रधान गुलशन ईशपुनियानी ने बताया कि बाजार वर्षों से आग जैसी आपात स्थितियों के खतरे के बीच कारोबार कर रहा है, लेकिन अब तक यहां पर्याप्त फायर सेफ्टी व्यवस्था उपलब्ध नहीं कराई गई है। गुलशन ईशपुनियानी के अनुसार, शौरी मार्केट में एक हजार से अधिक दुकानें हैं, जबकि इसके आसपास किला रोड, भिवानी स्टैंड, मॉडल टाउन और गांधी कैंप समेत अन्य बाजारों को मिलाकर करीब सात हजार दुकानें संचालित होती हैं। प्रतिदिन हजारों लोग इन बाजारों में खरीदारी और कारोबार के लिए पहुंचते हैं। संकरी गलियों और भीड़भाड़ के कारण आगजनी की स्थिति में राहत एवं बचाव कार्य प्रभावित हो सकते हैं। व्यापारी पिछले तीन वर्षों से प्रशासन से छोटी फायर ब्रिगेड गाड़ियां उपलब्ध कराने की मांग कर रहे हैं, ताकि तंग गलियों वाले क्षेत्रों में समय रहते आग पर काबू पाया जा सके। फिलहाल व्यापारी अपने स्तर पर करीब 100 निजी अग्निशमन सिलेंडर लगाकर सुरक्षा व्यवस्था बनाए हुए हैं।



शौरी मार्केट के प्रधान गुलशन ईशपुनियानी

### गलियां तंग, आग लगी तो जिंदा नहीं बच सकते

अधिकांश पुराने बाजार आज भी संकरी गलियों, अतिक्रमण और अव्यवस्थित पार्किंग की समस्या से जूझ रहे हैं। किला रोड, रेलवे रोड, प्रताप चौक, चमेली मार्केट, गोहाना अड्डा और गांधी कैंप जैसे प्रमुख बाजारों में हजारों दुकानें संचालित हो रही हैं, लेकिन सुरक्षा के मानक बेहद कमजोर हैं। इन बाजारों में यदि डी पार्क जैसी आग लग जाए तो लोग जिंदा बाहर नहीं जा सकते।

### आपातकालीन दरवाजे नहीं अग्निशमन उपकरणों की भी कमी


शहर के कई बहुमंजिला कपड़ों के शोरूम भी सवालों के घेरे में हैं। कई इमारतों में आपातकालीन निकास द्वार नहीं हैं। अग्निशमन यंत्र या तो उपलब्ध नहीं हैं या फिर लंबे समय से उनकी जांच नहीं हुई है। कुछ स्थानों पर ऊपरी मंजिलों तक पहुंचने के लिए केवल एक ही सीढ़ी है। कई ऐसे भवन हैं, जिनके लिए एनओसी नहीं ली गई। शहर में बढ़ते अतिक्रमण और लगातार लगने वाले जाम के कारण फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को घटनास्थल तक पहुंचने में काफी समय लग जाता है। जब तक बाजारों से अतिक्रमण नहीं हटेगा और यातायात व्यवस्था नहीं सुधरेगी, तब तक किसी भी आपदा से प्रभावी तरीके से नहीं निपटा जा सकेगा।

### क्या हो सकते हैं समाधान

- शहर के सभी प्रमुख बाजारों और बहुमंजिला शोरूम का फायर सेफ्टी ऑडिट कराया जाए।
- आपातकालीन निकास द्वार और अग्निशमन उपकरणों की अनिवार्य जांच हो।
- बाजारों में नियमित मॉक ड्रिल और जागरूकता अभियान चलाए जाएं।
- अतिक्रमण हटाकर दमकल वाहनों के लिए रास्ते सुनिश्चित किए जाएं। पार्किंग व्यवस्था हो।
- प्रमुख बाजारों के निकट त्वरित प्रतिक्रिया फायर यूनिट तैनात की जाए।

### सेफ्टी ऑडिट हो

पालिका बाजार के प्रधान गुलशन निझावन ने कहा कि डी पार्क की घटना ने पूरे शहर को चेतावनी दी है। प्रशासन को सभी बाजारों का फायर सेफ्टी ऑडिट कराना चाहिए। सुरक्षा मानकों की अनदेखी भविष्य में बड़े हादसों को जन्म दे सकती है।



पालिक बाजार प्रधान गुलशन निझावन

### सरकारी नौकरी दें

आग अभी भी धधक रही है इस दुखद घटना में तीन लोगों की मौत हुई है। सरकार ने दस लाख रुपये आर्थिक मदद की घोषणा तो की है लेकिन यह काफी नहीं है। पीड़ित परिवारों के एक-एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए।



डी पार्क बाजार एसोसिएशन प्रधान अजय धनखड़

### सरकार मदद करे

हमारा सब कुछ खत्म हो गया। साथियों को आंखों के सामने जलते हुए देखा है। अब सरकार को ही मदद करनी होगी तभी जाकर हम अपना जीवन जी सकते हैं।



रविंद्र कुमार दुकान मालिक



पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा की पत्नी आशा बुधवार को डी-पार्क पर अग्निकांड में मारे गए अमन के घर पहुंची और परिवार को ढांढस बढ़ाया। उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में वे उनके साथ खड़ी हैं।

### चश्मदीद ने बताया

वहीं घटना के चश्मदीद चिराग शर्मा ने बताया कि वह मंगलवार की दोपहर को सवा दो बजे किसी काम से स्कूटी पर डी पार्क आया था। उस समय रोहतक शू शॉप की छत पर आग लग चुकी थी। उन्होंने दुकानदारों को बताया तो पता चला कि फायर ब्रिगेड को कॉल कर दी गई है। इसके बाद वह पुलिस चौकी में गया और पुलिस कर्मी मदद के लिए पहुंचे। लेकिन दमकल केंद्र की गाड़ियों के आने तक कई दुकानें खाक हो चुकी थी।

### आंखों के सामने जली हमारी दुकान

कैलाश बूट हाउस संचालक पियूष ने बताया कि उनके पिता ने 50 साल पहले दुकान शुरू की थी। यहां कई जूते की दुकान इसके बाद शुरू हुई। फायर ब्रिगेड आने के बाद भी आग कम नहीं हुई। हम पास खड़े थे लेकिन अपनी ही दुकान को नहीं बचा सके। कम से कम सौ फायर ब्रिगेड चाहिए थी। हर दुकान पर करोड़ से ज्यादा का नुकसान है। रिगल शूज के मालिक राजेश गांधी ने बताया कि सुनने में यही आया कि रोहतक शू के एसपी में शार्ट सर्किट की वजह से आगजनी हुई है। कई करोड का नुकसान हुआ है।

### व्यावसायिक संस्थानों एवं बाजार एसोसिएशन अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन करें, अतिक्रमण हटाएं



**रोहतक।** नगर निगम द्वारा शहरवासियों की सुरक्षा तथा आपदा प्रबंधन व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से शहर के सभी व्यावसायिक संस्थानों, मार्केट एसोसिएशनों, प्रतिष्ठान मालिकों एवं व्यापारियों से अपील की गई है कि वे अपने प्रतिष्ठानों में अग्नि सुरक्षा संबंधी सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करें तथा बाजारों को अतिक्रमण-मुक्त बनाए रखने में निगम प्रशासन का सहयोग करें। नगर निगम आयुक्त नरेन्द्र कुमार ने बताया कि नेशनल बिल्डिंग कोड ऑफ इंडिया-1983 (भाग-4, संशोधित 2016), हरियाणा बिल्डिंग कोड-2017 (संशोधित) तथा हरियाणा फायर एंड इमरजेंसी एक्ट-2022 के प्रावधानों के अनुसार सभी व्यावसायिक भवनों एवं प्रतिष्ठानों में निर्धारित अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन करना अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त, फायर एनओसी प्राप्त करना तथा हरियाणा लिफ्ट एवं एस्केलेटर नियम-2020 (संशोधित) के तहत जिन भवनों में लिफ्ट संचालित है, उनके लिए मुख्य विद्युत निरीक्षक, हरियाणा से एनओसी प्राप्त करना भी आवश्यक है।

### स्टाल और खोखा भी जला

आगजनी की घटना में दर्जनों स्कूटर, बाइक अलावा दुकानों के सामने की तरफ मोमोम का खोखा, रोटी सब्जी की दुकान और कपड़े बेचने वाले का स्टाल भी जलकर खाक हो गया।



### दिल्ली में फायर ऑडिट शुरू

दिल्ली में आग की दुखद घटनाओं और सुरक्षा मानकों के उल्लंघन को देखते हुए दिल्ली सरकार के गृह विभाग और जिला प्रशासनों द्वारा इमारतों का व्यापक फायर सेफ्टी ऑडिट शुरू कर दिया गया है। इस अभियान के तहत विशेष रूप से व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, होटलों और आवासीय क्षेत्रों में चल रहे संस्थानों की जांच की जा रही है।

### नुकसान की भरपाई हो : बत्रा

मॉडल टाउन स्थित डी पार्क क्षेत्र में हुए भीषण अग्निकांड के बाद विधायक भारत भूषण बत्रा ने बुधवार सुबह घटनास्थल का दौरा कर हालात का जायजा लिया। उन्होंने पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर मृतकों के परिजनों से मुलाकात की और इस हृदय विदारक हादसे में जान गंवाने वाले तीनों युवकों के अंतिम संस्कार में भी शामिल होकर शोक संतप्त परिवारों को सांत्वना दी। बत्रा ने कहा कि यह घटना पूरे शहर को झकझोर देने वाली है। तीन जिंदगियों का असमय चले जाना अत्यंत दुखद है और इस दुख की घड़ी में पूरा शहर, समाज तथा कांग्रेस पार्टी पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी हैं। उन्होंने राज्य सरकार से मांग की कि मानवता के आधार पर मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता के साथ परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए। व्यापारियों का करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ है, हरियाणा सरकार इस नुकसान की भरपाई करे।



### व्यापारी एवं दुकानदार प्रभावित

जिला बार एसोसिएशन के प्रधान दीपक हुड्डा एडवोकेट ने उपायुक्त रोहतक सचिन कुमार गुप्ता से मुलाकात कर डी-पार्क क्षेत्र में हुई भीषण अग्निकांड की घटना पर दुख व्यक्त किया। प्रधान ने कहा कि इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में अनेक व्यापारी एवं दुकानदार प्रभावित हुए हैं, जिनकी वर्षों की मेहनत और आजीविका को भारी नुकसान पहुंचा है। इस कठिन समय में जिला बार एसोसिएशन प्रभावित व्यापारियों एवं दुकानदारों के साथ मजबूती से खड़ी है। वहीं, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने गहरा दुख व्यक्त किया है। परिषद के प्रदेश मंत्री लवप्रताप राणा ने कहा कि एक जूते के शोरूम में लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और करीब 12 दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि कई दुकानदारों को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा।



## शहर की शान से त्रासदी की पहचान बना बाजार

# जहां थी रौनक, वहां अब राख और सन्नाटा

## रोज हजारों लोग खरीदारी करने आते थे, अब चारों ओर तबाही का मंजर

**रोहतक।** कुछ दिन पहले तक डी-पार्क मार्केट रोहतक की सबसे व्यस्त और चमकदार बाजारों में शुमार थी। सुबह से देर रात तक यहां ग्राहकों की भीड़ लगी रहती थी। ब्रांडेड जूतों, कॉस्मेटिक, रेडीमेड गारमेंट्स, मोबाइल एसेसरीज और अन्य दुकानों से सजी यह मार्केट शहर के व्यापार का प्रमुख केंद्र बन चुकी थी। लेकिन मंगलवार को लगी भीषण आग ने इस बाजार की तस्वीर बदलकर रख दी। जहां रोज हजारों लोग खरीदारी करने पहुंचते थे, वहां अब जली हुई दुकानें, राख के ढेर और पसरा हुआ सन्नाटा दिखाई दे रहा है।





### शहर के विकास के साथ बढ़ी डी-पार्क की पहचान

डी-पार्क क्षेत्र रोहतक के प्रमुख व्यावसायिक इलाकों में शामिल है। पिछले दो दशकों में नई कॉलोनियों और रिहायशी क्षेत्रों के विकास के साथ यह बाजार तेजी से बढ़ा। कुछ दुकानों से शुरू हुई मार्केट धीरे-धीरे बड़े शोरूमों का केंद्र बन गई। शहर ही नहीं, आसपास के गांवों और कस्बों से भी लोग यहां खरीदारी के लिए आते थे। त्योहारों और शादी के सीजन में यहां भारी भीड़ रहती थी।

### प्रतिदिन लाखों का रुपये का कारोबार

व्यापारियों के अनुसार डी-पार्क मार्केट में प्रतिदिन लाखों रुपये का कारोबार होता है। जूतों, कॉस्मेटिक, फैशन और लाइफस्टाइल उत्पादों की कई प्रतिष्ठित दुकानें यहां संचालित होती हैं। बाजार की पहचान विशेष रूप से फुटवियर कारोबार के लिए बन चुकी थी। त्योहारों और शादी के मौसम में यहां रोजाना करोड़ों रुपये तक का कारोबार हो जाता था। अनेक परिवारों की आजीविका इसी बाजार पर निर्भर थी।

### आग ने वर्षों की मेहनत पर पानी फेर दिया

मंगलवार दोपहर अचानक लगी आग ने कुछ ही मिनटों में पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मचा दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एक दुकान में आग लगने के बाद लपटें तेजी से आसपास की दुकानों तक पहुंच गईं। देखते ही देखते करीब 10 दुकानें आग की चपेट में आ गईं। लाखों और करोड़ों का माल देखते ही देखते जलकर राख हो गया। वर्षों की मेहनत और निवेश कुछ घंटों में खत्म हो गया।

### बुधवार को नुकसान का भयावह मंजर दिखा

हादसे के अगले दिन जब लोग डी-पार्क मार्केट पहुंचे तो वहां का दृश्य दिल दहला देने वाला था। जली हुई दीवारें, टूटे हुए शटर, पिघला हुआ सामान और राख के ढेर हर तरफ दिखाई दे रहे थे। कई दुकानों की पहचान तक मिट चुकी थी। जहां कभी ग्राहकों की भीड़ और दुकानदारों की आवाजें सुनाई देती थीं, वहां सिर्फ सन्नाटा था। पुलिस, प्रशासन और फायर विभाग की टीमें जांच में जुटी थीं जबकि प्रभावित दुकानदार अपने नुकसान का आकलन करने में लगे थे।

### अब कारोबारियों के सामने नई चुनौती

आग बुझ चुकी है, लेकिन प्रभावित व्यापारियों के सामने अब नई लड़ाई शुरू हुई है। किसी की दुकान पूरी तरह जल गई, किसी का स्टॉक खत्म हो गया तो किसी ने अपना रोजगार खो दिया। कई व्यापारियों का कहना है कि वर्षों की कमाई इस हादसे में खत्म हो गई। सबसे बड़ी चिंता उन कर्मचारियों और छोटे व्यापारियों की है जिनकी आय का एकमात्र स्रोत यही बाजार था। आग के बाद उनके सामने परिवार चलाने की चुनौती खड़ी हो गई है।

### फायर सेफ्टी और आपदा प्रबंधन को लेकर बड़ा सबक

डी-पार्क अग्निकांड ने सिर्फ एक बाजार को नुकसान नहीं पहुंचाया, बल्कि पूरे शहर को फायर सेफ्टी और आपदा प्रबंधन को लेकर बड़ा सबक दिया है। हादसे के बाद अब शहर की अन्य मार्केटों की सुरक्षा व्यवस्था भी चर्चा का विषय बन गई है। डी-पार्क मार्केट आज भी खड़ी है, लेकिन उसकी रौनक गायब है। जली हुई दुकानों और राख के ढेरों के बीच खड़े लोग मायूस और बेसुध हैं।